www.amritvichar.com

## सुविचार



अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। किसी भी जीव को मत मारो, न कष्ट दो। जैसे आपको दर्द होता है, वैसे ही हर जीव को होता है।

– भगवान महावीर स्वामी


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- जमीन दिलाने के बहाने बुलाकर 14 लाख लूटे II
- आठ महिलाएं नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत III
- आलोक, विजय, गोविंद, राजीव अगले दौर में IV


लखनऊ, सोमवार, 30 मार्च 2026

## शहर में आज



- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक परीक्षा फल और पुरस्कार वितरित करेंगे- 4:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ



धूप से बचने को दुपट्टा ओढ़कर जातीं युवतियां।

### शहर में कल बारिश होने की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में मंगलवार को गरज-चमक और हवा संग बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार ईरान के आस-पास संकेंद्रित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 31 मार्च को हवाओं संग बारिश होने से अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। राजधानी में रविवार को मौसम साफ हो जाने से अधिकतम तापमान करीब 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### रविवार को जमा हुआ 4.80 करोड़ गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में दो दिन शेष हैं। गृहकर वसूली बढ़ाने और भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम के कैश काउंटर और जोनल कार्यालय रविवार को भी खुले रहे। सभी आठों जोन में करीब 4.80 करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ। इस मौके पर बड़े बकायेदारों के खिलाफ नगर निगम ने सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की। सीलिंग की कार्रवाई के बाद लालबाग स्थित जोनल कार्यालय जोन 1 में बकाया गृहकर जमा करने के लिए दुकानदारों की भीड़ लगी रही। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि 30 और 31 मार्च को भी नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रात 11 बजे तक खुले रहेंगे। भवन स्वामी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में बकाया गृहकर जमा करें।

### ट्रैक मेंटेनर ने मेंस कांग्रेस से तोड़ा गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के वार्षिक अधिवेशन में एनई रेलवे मेंस कांग्रेस से गठबंधन समाप्त करने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। ऐशबाग में हुई बैठक में अध्यक्ष अजय कुमार सरोज ने कहा कि 2024 के चुनाव में ट्रैक मेंटेनरों के समर्थन से मेंस कांग्रेस को जीत मिली, लेकिन नेतृत्व ने वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीसीई ओपन टू ऑल और 8 घंटे ड्यूटी जैसे अहम मुद्दों पर 15 महीनों में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यूनियन ने इसे चुनावी षड्यंत्र बताते हुए अब स्वतंत्र संघर्ष का ऐलान किया।

### तीन साल में बनेंगे 848 फ्लैट, पंजीयन जल्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने रायबरेली रोड स्थित शारदा नगर विस्तार योजना में अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम लांच करने की तैयारी शुरू कर दी है। चिह्नित 12,494 वर्गमीटर में 848 फ्लैट तीन साल में तैयार किए जाएंगे और इन फ्लैटों पर पांचवें साल में आवंटियों को कब्जा मिलेगा। फ्लैटों की बुकिंग अप्रैल से ऑनलाइन खोली जाएगी। लगभग 200 करोड़ रुपये लागत से 12 मंजिल के चार टॉवर बनेंगे। इनमें 848 फ्लैट बनेंगे। 1 बीएचके के 156 फ्लैट जो कि 40 वर्गमीटर के होंगे। इसी तरह 2 बीएचके के 692 फ्लैट 55 वर्गमीटर क्षेत्रफल के बनेंगे। इन फ्लैटों की बुकिंग पहले से की जाएगी। जो अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल खोलने की तैयारी है। तीन साल में परियोजना तैयार करके पांचवें वर्ष में आवंटियों को कब्जा व रजिस्ट्री कराई जाएगी। परिसर में स्वच्छ जल, विद्युत आपूर्ति, स्टिल्ट पार्किंग, लिफ्ट, पार्क, किड्स प्ले एरिया समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पास ही एलडीए ने प्रधानमंत्री शहरी आवास भी बनाएं हैं।

# ओपीडी से मरीजों को निजी क्लीनिक ले जा रहे दलाल

**अलीगंज सीएचसी**

## लाइन में लगे मरीजों का नोट करते नाम व नंबर और सस्ते इलाज का झांसा देकर ले जाते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिकित्सा संस्थानों के बाद अलीगंज सीएचसी की ओपीडी में निजी अस्पताल के दलालों का गिरोह सक्रिय होने का मामला सामने आया है। ये दलाल ओपीडी में पहुंचे मरीजों को अच्छे व सस्ते इलाज का लालच देकर निजी क्लीनिक में भेज रहे हैं। गिरोह के सदस्यों की डॉक्टरों व अस्पताल कर्मियों की मिलीभगत बताई जा रही है। दलालों के सक्रिय होने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की ओपीडी में रोजाना 300 से 400 मरीज आते हैं। ओपीडी के समय भीड़ के बीच निजी अस्पतालों के एजेंट भी सक्रिय रहते हैं। ये मरीजों का नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज कर कर लेते हैं और अच्छे व सस्ते इलाज का झांसा देकर मरीजों को निजी क्लीनिकों में भेज देते हैं। आरोप है कि इस रैकेट में अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी भी शामिल हैं। उन्हें की सह पर एजेंट खुलेआम ओपीडी परिसर से मरीजों को निजी डॉक्टरों के पास भेजते हैं। महिला मरीजों को ज्यादा झांसे में लिया जा रहा है।

एक महिला एजेंट ने खुद इस खेल का खुलासा किया। उसने बताया कि कमीशन के आधार पर मरीजों को निजी क्लीनिक भेजा जाता है। सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमंत ने बताया कि किसी भी निजी संस्था से अस्पताल का कोई अनुबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि, एजेंट ओपीडी खत्म होने के बाद परिसर में बैठती दिखी हैं। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कहाकि सीएचसी परिसर में किसी भी निजी अस्पताल या क्लीनिक के एजेंट के प्रवेश पर पूरी तरह रोक है। उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंट वहां पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लोकबंधु में 44 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु अस्पताल के ब्लड बैंक और 112 डायल के संयुक्त सहयोग से अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 50 लोगों ने पंजीकरण कराया और 44 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को प्रमाणपत्र प्रदान किए और इस पहल को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पीसी तिवारी सहित एसपी उपाध्याय, आरके पांडेय, उपेंद्र, चंदन, नीतू भारती, रीता गौतम, देवेंद्र और पंकज मौजूद रहे।

## अवैध अस्पतालों पर छापे के बाद भी कार्रवाई ठंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। बीते माह दुबग्गा क्षेत्र में 10 अस्पतालों पर छापेमारी के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी भी अस्पताल के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

छापेमारी 17 फरवरी को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह और मेडिकल अफसर डॉ. संदीप सिंह की टीम ने की थी। जांच के बाद मां वैष्णव अस्पताल और इंपल्स अस्पताल पर जुर्माना लगाने का दावा किया था। बाकी आठ अस्पतालों में एमबीबीएस डॉक्टर तक मौजूद नहीं मिले। यहां अन्य विधाओं के लोग मरीजों का इलाज करते पाए गए। इसके अलावा कई अस्पताल कॉम्प्लेक्स और दुकानों में संचालित हो रहे थे, जहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी साफ दिखी। जिन अस्पतालों में खामियां मिलीं, उनमें जीवन ज्योति, समीर, बॉम्बे, सरकार, निदान, एसआरएस, हर्बल और न्यू लखनऊ सिटी हॉस्पिटल शामिल हैं। इन सभी को नर्सिंग होम सेल के माध्यम से नोटिस जारी किए गए, लेकिन अस्पताल संचालकों ने जवाब देकर औपचारिकता पूरी कर दी। आरोप है कि विभागीय स्तर पर साठगांठ कर सभी अस्पतालों को राहत दे दी गई। न तो दोबारा निरीक्षण किया गया और न ही मानकों की पुनः जांच की गई। नतीजतन, सभी अस्पताल पहले की तरह ही संचालित हो रहे हैं।

इस मामले में नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह का कहना है कि अस्पतालों से नोटिस का जवाब प्राप्त हुआ है और मामले की जांच जारी है।

### पॉली क्लीनिक योजना अटकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में प्रस्तावित पॉली क्लीनिक योजना विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते अटक गई है। स्वास्थ्य विभाग अब तक इन क्लीनिकों का संचालन शुरू नहीं करा सका है, जबकि बजट और भवन चयन की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत शहर में 14 पॉली क्लीनिक स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। इन क्लीनिकों में ईएनटी, बाल रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन और कैंसर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जानी थी। 28 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन अब तक केवल 18 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के अनुसार, पहले चरण में सात क्लीनिक शुरू किए जाएंगे, जबकि शेष क्लीनिकों को भी अप्रैल के अंत तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

## एसजीपीजीआई में राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की स्थापना

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य परिवर्तन आयोग ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एसएचएसआरसी) की स्थापना की है। यह केंद्र स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण, तकनीकी सहायता, गुणवत्ता सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीतियां विकसित करेगा। राज्य परिवर्तन आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में रणनीतिक सुधारों को गति देगी और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाएगी। एसजीपीजीआई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन के अनुसार यह केंद्र स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रणाली में अनुसंधान को बढ़ावा देगा। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करने और प्रभावी नीतियां व रणनीतियां तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।





शहर के नेशनल पीजी कॉलेज में बनाए गए केंद्र से उत्तर प्रदेश पीसीएस मुख्य परीक्षा में निबंध का पेपर देकर निकलते अभ्यर्थी और बाहर इंतजार करते अभिभावक। अमृत विचार

# छात्रों ने एआई, छात्राओं ने 21वीं सदी में स्त्री पर लिखा निबंध

## राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा की मुख्य परीक्षा में 15 केंद्रों पर बैठे 7000 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा-2025 के पहले दिन शहर में तीन स्थानों पर बनाए गए 15 केंद्रों पर लगभग सात हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सुबह 9.30 से 12.30 और 2.30 से 5.30 तक दो पालियों में सामान्य हिंदी व निबंध के पेपर हुए। अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। पारदर्शी बोतल, प्रवेश पत्र और कलम के अलावा कोई भी वस्तु अंदर नहीं ले जाने दी गई।

अलीगंज स्थित लोक सेवा आयोग में चार सेंटर बनाए गए। यहां सर्वाधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 29 मार्च से 1 अप्रैल तक चलने वाली परीक्षा में आठ पेपर होंगे। इन परीक्षाओं के परिणाम के आधार पर साक्षात्कार के लिए आयोग आमंत्रित करेगा। प्रथम दिन के दूसरे प्रश्नपत्र निंबध में छात्राओं ने 21 वीं सदी की स्त्री पर ज्यादातर छात्राओं ने निबंध लिखना पसंद किया तो छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व और आर्गेनिक खेती पर निबंध लिखे। तीन खंडों में 700 शब्दों में तीन निबंध अलग-अलग लिखने को दिया गया था जिसके लिए कुल 150 अंक निर्धारित थे।

### परीक्षार्थियों ने कहा, अच्छा रहा पेपर



- देवरिया से मुख्य परीक्षा देने आई संगीता ने बताया कि प्रश्नपत्र अच्छा हुआ और निबंध हमने 21 वीं सदी की स्त्री विषय पर लिखा। संगीता दूसरी बार मुख्य परीक्षा दे रही है, इससे पहले वह साक्षात्कार में शामिल हो चुकी है।



- बस्ती के आशुतोष सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आर्गेनिक खेती पर निबंध लिखा। तीन घंटे में 2100 शब्द लिखना, सोचना, स्पष्ट तथ्यपरक लिखते हुए हैंड रायटिंग भी परीक्षक को प्रभावित करती है।



- शाहजहांपुर से आए इंतजार हुसैन काफी प्रसन्नचित्त दिखे और कहा कि निबंध मैने उर्दू भाषा में लिखा है। मैने बदलती अर्थव्यवस्था में नैतिकता के प्रश्न पर निबंध लिखा है जो कि सबसे अच्छा लिख पाया हूं।



- मुरादाबाद की गजाला ने बताया कि प्रश्नपत्र अच्छा हुआ है। निबंध से विविध विषयों पर जानकारी और उसे व्यक्त करने की क्षमता पता चलती है। गजाला को विश्वास है कि वह साक्षात्कार के लिए चयनित की जाएगी।



दूसरी पाली के पहले केंद्र के बाहर बैठे अभ्यर्थी और अभिभावक।

# एलडीए ने एक काम के जारी कर दिए दो टेंडर

- रोहित कांत ने शासन से की गई शिकायत में लगाया आरोप
- एलडीए के उपाध्यक्ष करेंगे मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनाबाद के ''टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर'' का संचालन करने के लिए बदले गए टेंडर के नियमों ने एलडीए पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक व्यक्ति ने कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की है। इस मामले की जांच उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार करेंगे।

रोहित कांत का आरोप है कि एलडीए ने टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर का संचालन करने के लिए शर्तों में बदलाव किया है। एक काम के दो अलग-अलग टेंडर जारी किए। सालाना टर्नओवर की शर्त चार करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी।

साथ ही कार्य के लिए निजी अनुभव को मान्यता दे दी। वार्षिक किराया भी 20 लाख से घटाकर 18 लाख रुपये कर दिया। जबकि 48 लाख रुपये तक बिजली व्यय सरकारी हिस्से में डाला दिया। टेंडर की अवधि पांच साल से बढ़ाकर 10 साल की गई। इससे विभाग को हर वर्ष काफी नुकसान होगा। इन नई शर्तों में बड़ी फर्मों को लाभ मिलेगा। जबकि छोटे और स्थानीय ठेकेदार प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

कार्रवाई के लिए प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, मंडलायुक्त और उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण से शिकायत की है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच करके उचित कार्रवाई करेंगे।

### सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट 10 दिन से खराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट 10 दिन से खराब पड़ी है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवंटियों ने शिकायत भी की लेकिन, कंपनी द्वारा सुधार नहीं किया गया। आवंटियों ने बताया परिसर में कुल 8 टावर 15 मंजिल के बने हैं। इनमें 520 फ्लैट बने हैं। सभी टॉवर की लिफ्ट अक्सर खराब रहती है। 10 दिन से जी ब्लॉक टॉवर की बड़ी लिफ्ट बेल्ट टूटने की वजह से बंद पड़ी है। जबकि छोटी लिफ्ट भी खराबी की वजह से 8वें फ्लोर पर नहीं रुकती है। अन्य लिफ्ट भी झटके मारकर चलती हैं। अक्सर लोग फंसते हैं। लिफ्ट बंद होने से बीमार, बुजुर्ग, महिलाओं व बच्चों को आनेजाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एलडीए और लिफ्ट निर्माता कंपनी लिफ्ट ठीक होने की जानकारी नहीं दे रहे। आवंटी विवेक शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष लाखों रुपया लिफ्ट निर्माता कंपनी को दिया जाता है। इसके बाद भी सुधार नहीं करते हैं। एलडीए के विद्युत यांत्रिक विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं।

**मिलेगी सुविधा**

4 करोड़ की लागत से 4,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में हो रहा निर्माण, जी प्लस वन बिल्डिंग में ऑपरेशन थियेटर भी होगा

# भरवारा में एक ही छत के नीचे होगा कुत्ता, बिल्ली और गाय का इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वैश्विक नगरोदय योजना के तहत लखनऊ नगर निगम जोन 4 के गोमती नगर स्थित ग्राम भरवारा में पशुओं के लिए पहला एनिमल केयर सेंटर बना रहा है। करीब 4 करोड़ की लागत से 4,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बन रहे इस सेंटर में जी प्लस वन बिल्डिंग में ऑपरेशन थियेटर के साथ डॉक्टरों के बैठने की भी व्यवस्था रहेगी। नगर निगम ने एनिमल केयर सेंटर की बाउंड्री बना दी है। अब बिल्डिंग के फाउंडेशन का काम चल रहा है। दिसंबर 2026 तक सेंटर बनकर तैयार हो जाएगा।





भरवारा में निर्मित एनिमल केयर सेंटर का भवन।

एनिमल केयर सेंटर में एक साथ 25 से 30 जानवरों को रखने की व्यवस्था रहेगी। प्राथमिक उपचार के लिए पशुओं के डॉक्टर और सर्जन भी तैनात किये जाएंगे। इस सेंटर में कुत्ता, बिल्ली और गाय आदि पशुओं का इलाज होगा। जरूरत पड़ने पर एक हफ्ते तक निगरानी में रखा जाएगा। नगर निगम के अमौसी स्थित कान्हा उपवन में अभी तक केवल गाय के इलाज की वैकल्पिक व्यवस्था थी। कुत्ते और बिल्ली आदि के इलाज के लिए नगर निगम के पास खुद की व्यवस्था नहीं थी।

नगर निगम एनजीओ के माध्यम से इनका इलाज कराता था। इस सेंटर के बन जाने से नगर निगम खुद निराश्रित पशुओं का का इलाज कर सकेगा।

नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि एनिमल केयर सेंटर में वन्य जीवों को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली और गाय आदि जानवरों के इलाज की सुविधा रहेगी। इस सेंटर में प्राथमिक इलाज के साथ ही ऑपरेशन की भी सुविधा होगी। यहां एक साथ 25-30 पशुओं को इलाज के लिए रखा जा सकेगा।

जोन चार के अतुल मिश्रा ने कहा कि एनिमल केयर सेंटर 4 करोड़ की लागत से वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जा रहा है। बाउंड्री का काम पूरा हो चुका है, अब फाउंडेशन का काम चल रहा है। दिसंबर 2026 तक काम पूरा हो जाएगा।

### विज्ञापन के लिए तीन जोन में बांटा जाएगा शहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश नगर निगम आकाश चिन्ह और विज्ञापनों का विनियमन नियमावली 2026 अप्रैल के तहत नए वित्तीय वर्ष से शहर में विज्ञापन के लिए जोन की तीन कैटेगरी बनाई जाएगी। इसमें शहर का सबसे बड़ा व्यावसायिक क्षेत्र, प्रीमियम और आवासीय स्थान शामिल किए जाएंगे। जोन-1 में हजरतगंज, सुशांत गोल्फ सिटी, गोमतीनगर, पुराना लखनऊ, गोमतीनगर विस्तार, जोन 2 में भविष्य के लिहाज से डेवलप होने वाले कॉमर्शियल क्षेत्र व कम ट्रैफिक वाले क्षेत्र और जोन-3 में कम आवासीय क्षेत्र शामिल किए जाएंगे। विज्ञापन के लिए सड़कों को पांच कैटेगरी में बांटा जाएगा। इसमें सबसे अधिक कामर्शियल एरिया, अच्छा कामर्शियल एरिया, विज्ञापन के लिए सामान्य सड़क, विज्ञापन पर रोक वाली सड़क और सिर्फ डिजिटल स्क्रीन वाली सड़क शामिल हैं। इन सड़कों पर एक घंटे में पांच मिनट नगर निगम और सरकार द्वारा सामाजिक संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। महीने में एक दिन और साल में अधिकतम 12 दिन यह संदेश प्रसारित करना होगा। विज्ञापन करने के लिए किसी भी सरकारी एजेंसी को नगर निगम से लाइसेंस लेने के साथ भुगतान करना होगा।



शहर के लोगों को अभी रसोई गैस की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। सिमरा में सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी लाइन। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### जालसाजों से तीन लोगों के खाते से उड़ाए रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर ठग ने तीन लोगों को झांसे में लेकर खाते से रुपये निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरु कर दी है। ऐशबाग स्थित ईदगाह के पास रहने वाले मोहम्मद सालिम ने बताया कि साइबर जालसाजों ने 13 जनवरी से 23 फरवरी के बीच खाते से 52,31,690 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने बताया कि जनवरी माह में मोबाइल पर एक लिंक आया था। क्लिक कर एप डाउनलोड की थी। पीड़ित ने बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मलिहाबाद के घुसौली गांव निवासी राज कपूर रविवार दोपहर डॉक्टर से अपॉइंटमेंट के लिए गूगल से नंबर लिया। दूसरी तरफ से फोन उठाने वाले ने अपॉइंटमेंट कन्फर्म करने के लिए गूगल पे यूपीआई के जरिए 5 रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बाद खाते से कई बार में 41 हजार निकल गए। , चौक के चौपटिया निवासी अभय प्रकाश के पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को मैक्स इंश्योरेंस का एजेंट बताकर पॉलिसी रिन्यू कराने की बात कही। झांसे में लेकर खाते में 51,125 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णापल्ली निवासी वीरेन्द्र सिंह पाल के मुताबिक, शनिवार शाम उनके पड़ोसी जेपी मौर्या और उनकी पत्नी संगीता मौर्या घर के सामने से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने उनके दरवाजे के सामने थूक दिया। इस पर विरोध करने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान उनका किरायेदार अमित यादव भी वहां आ गया और तीनों ने मिलकर वीरेन्द्र पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दूध लाने वाली स्टील की डोलची से उनके सिर पर कई वार किए, जिससे उनका सिर फट गया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पिता राम समूझ पाल को भी धक्का देकर गिरा दिया गया और उनके साथ भी लात-घूंसों से मारपीट की गई। इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पेट्रोल डाल पड़ोसी को जलाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज में रुपये के लेनदेन के विवाद में पड़ोसी युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास करने वाले आरोपी अमरसेन चौधरी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार ने बताया कि 27 मार्च 2026 को अलीगंज के त्रिवेणीनगर-3 निवासी रानी यादव ने पुलिस को सूचना दी कि उसका भाई राकेश यादव काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी आरोपी अमरसेन चौधरी उर्फ बलगर ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में राकेश गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस मामले में पुलिस ने रानी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### बिजली के पोल में आग लगाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज इलाके में बिजली के पोलों में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लेसा विभाग के अवर अभियंता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अवर अभियंता 33/11 केवी उपकेंद्र क्लाइड रोड आलोक कुमार ने तहरीर में बताया कि 26 मार्च की तड़के करीब 4 बजे हजरतगंज के सुल्तानगंज पुलिस चौकी और सीआईडी ऑफिस के पास स्थित बिजली के पोल में आग लगा दी गई। आग की चपेट में आकर बिजली के तार व अन्य उपकरण जल गए। जिससे विभाग को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। इसके अतिरिक्त हजारों उपभोक्ता घंटों बिजली संकट झेलना पड़ा। अगले दिन आशा अपार्टमेंट के पास भी लगे पोल पर आग लगाई गई। सूचना पर पहुंचे लेसा कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सीसीटीवी फुटेज के जरिए आग लगाने वाले की पहचान एकलव्य नगर गोखले मार्ग निवासी विशाल के रूप में हुई। अवर अभियंता ने आरोपी के खिलाफ शनिवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी का शांतिभंग में चालान कर उसे जेल भेजा गया है।

# जमीन दिलाने के बहाने बुलाकर 14 लाख लूटे

## एक बदमाश गिरफ्तार, डेढ़ लाख रुपये बरामद, पांच बदमाशों की तलाश में दबिशें, डकैती की धारा बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जमीन दिलाने का झांसा देकर लखनऊ बुलाकर गोरखपुर के विश्वजीत सिंह से 14 लाख रुपये की डकैती करने वाले एक आरोपी को गाजीपुर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की रकम में से डेढ़ लाख रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह में शामिल पांच बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

गोरखपुर के कुंडाघाट झारखंडी निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि गाजीपुर निवासी रमेश से जमीन खरीदने की बात चल रही थी। 27 मार्च को वह जमीन खरीदने के लिए साथी रितेश के साथ कार से लखनऊ आए थे। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें इंदिरानगर स्थित काफी डूड कैफे के पास जमीन दिखाने के बहाने बुलाया। पीड़ित के पहुंचते ही उन्हें व दोस्त को घेरकर बदमाश कार में रखे 14 लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू की।

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। साथ ही पीड़ित ने कुछ मोबाइल नंबर मुहैया कराए थे। पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली तो आरोपी सृजन पांडेय का नाम सामने आया। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पालीटेक्निक चौराहे के पास कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। इस पर इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्या व उनकी टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। एसीपी ने बताया कि मूल रूप से आजमगढ़ निवासी आरोपी सृजन पांडेय गोमतीनगर के विशालखंड-1 में रहता है। पुलिस ने उसके पास से 1.50 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने अपने साथियों कार्तिक, सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू, नासिर, विशाल, रोहित सिंह के साथ स्कार्पियो और सेल्टोज कार से पहुंचे। जैसे ही पीड़ित विश्वजीत सिंह कैफे के पास पहुंचा। तभी सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू ने पीड़ित की कार का दरवाजा खोला। अन्य आरोपियों ने पीड़ित व उसके दोस्त को पकड़ लिया। उसके बाद बदमाश सिद्धू ने 14 लाख से भरा बैग निकालकर स्कार्पियो में रख लिया। उसके बाद सभी बदमाश पीड़ित को धक्का देकर भाग निकले। आरोपी ने कबूला कि वारदात के बाद सभी लोगों ने रुपये आपस में बांट लिए थे। जिसमें उसके हिस्से में डेढ़ लाख रुपये आए थे। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दर्ज केस में डकैती की धाराएं बढ़ा दी हैं।

### महिला का मंगलसूत्र लूटने वाला तेल कंपनी का कर्मी गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** शाहखर्ची के लिए महिला का मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाश को बिजनौर थाना पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से लूटा गया मंगलसूत्र लॉकेट के साथ बरामद किया है ।एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी न्यू गुडौरा स्थित ग्राम छुआराखेड़ा निवासी अभिषेक रावत उर्फ नाटिया है। 1 एक मार्च को न्यू गुडौरा निवासी राहुल यादव ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी मां अंजू यादव करीब आठ बजे बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान भारत पेट्रोलियम के पीछे वाली सड़क पर एक अज्ञात युवक ने पैदल आते हुए उनका मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो आरोपी की करतूत कैद हुई थी। जिसके बाद इंस्पेक्टर कपिल गौतम व उनकी टीम ने फुटेज की मदद से छानबीन की। जानकारी मिलने पर आरोपी अभिषेक रावत को मनीष यादव गेट की तरफ से आने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से छीना गया मंगलसूत्र बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कृष्णानगर स्थित एक फॉच्यून तेल कंपनी में काम करता है। वह पैदल आने-जाने वाली महिलाओं की रेकी कर अंधेरे का फायदा उठाकर छिनैती की वारदात को अंजाम देता है। एसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बिजनौर थाने में लूट व चोरी के पूर्व में दो मामले दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में जेल जा चुका है।



ट्रांसजेंडर पर्सन्स अमेंडमेंट बिल के विरोध में प्रदर्शन करते ट्रांसजेंडर और अन्य लोग। अमृत विचार

### ट्रांसजेंडर बिल के खिलाफ प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊः** ट्रांसजेंडर पर्सन्स अमेंडमेंट बिल-2026 के विरोध में रविवार को करीब 500 लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्सुअल, असेक्सुअल लोगों ने प्रदर्शन किया। बेगम हजरत महल पार्क से विधानसभा की ओर जाते समय पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नया बिल उनकी पहचान और अधिकारों के खिलाफ है। उनका आरोप है कि इसमें ट्रांसजेंडर की परिभाषा को सीमित कर दिया गया है और केवल उन्हीं लोगों को मान्यता दी जाएगी जो पहले से इस श्रेणी में आते हैं। समुदाय का कहना है कि जेंडर आइडेंटिटी किसी मेडिकल जांच से नहीं बल्कि व्यक्ति की भावना और आत्म-पहचान से तय होती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नए बिल के तहत शारीरिक जांच की बात करना अपमानजनक है और समुदाय के खिलाफ साजिश बताते हुए कहा कि किसी मेडिकल रिपोर्ट से उनकी भावनाएं तय नहीं की जा सकतीं।

# चार मकानों का ताला तोड़ लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज, चिनहट, जानकीपुरम व गोमतीनगर विस्तार इलाके में हुईं वारदात, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** चोरों ने ठाकुरगंज, चिनहट, जानकीपुरम और गोमतीनगर विस्तार इलाके में चार बंद घरों का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर कर दिया। । पुलिस ने छानबीन कर चारों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन कर रही है।

मूल रूप से रायबरेली निवासी वसीमउद्दीन परिवार संग ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज स्थित शेखपुर हबीबपुर में रहते हैं। वह परिवार संग ईद मनाने पैतृक गांव गए थे। 24 मार्च को पड़ोसी आमिर ने उनके दरवाजे का ताला टूटा देख उन्हें सूचना दी। जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार संग वापस लौटा। देखा तो आलमारी का ताला टूटा और कमरे में सारा सामान अस्त-व्यस्त था। पीड़ित ने बताया कि आलमारी से 50 हजार रुपये व लाखों के जेवर चोरी हुए हैं। पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चिनहट के क्रिस्टल व्यू अपार्टमेंट निवासी ओम जी श्रीवास्तव ने बताया कि ससुर पीके सिन्हा का आवास विकल्पखंड-2 में है। ससुर 20 मार्च को जरूरी काम से पुणे में बेटे तनमय के पास गए थे। जाने से पहले मकान की देखरेख के लिए अमरजीत यादव को रोका था। 23 मार्च को इमरजेंसी ड्यूटी के चलते अमरजीत सोने नहीं गए। अगले दिन तड़के सोने गए तो घर का ताला खुला और सामान बिखरा देखा। जानकारी मिलते ही ओम जी और उनकी पत्नी वसुंधरा मकान पर पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि सभी बक्से, बेड बॉक्स, आलमारी खुली पड़ी थी। लाखों के जेवर व नकदी चोरी हुई है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पीके सिन्हा ने पुणे से आने के बाद सूची देने की बात कही है।

उधर, जानकीपुरम के सेक्टर-एफ निवासी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी की तबीयत खराब होने होने वे परिवार संग गुजरात में थे। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवर व लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा गोमतीनगर विस्तार के छोटा भरवारा विज्ञानखंड निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि 8 मार्च को वे पिता से मिलने विनयखंड गए थे। कुछ घंटों बाद लौटे तो प्लॉट पर बने कमरे का ताला टूटा मिला। उनका कहना है कि चोरों ने 22 हजार रुपये, जेवर, कैमरा व अन्य सामान गायब था। पुलिस ने 18 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बैंक के सामने से कार गायब, कर्मी पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर हनुमापुरी निवासी रामसुंदर त्यागी के मुताबिक वह अपनी कार (नंबर UP32JC 6320) को मड़ियांव के राम-राम बैंक चौराहा स्थित एसबीआई की शाखा पर लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति, जिसने खुद को बैंक कर्मचारी बताया, ने कार की चाबी लेकर वाहन की जांच कराने की बात कही। कुछ समय बाद जब उन्होंने अपनी कार के बारे में पूछा तो आरोपी ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। बाद में पता चला कि कार मौके से गायब हो चुकी है। कार में नगदी और जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए थे। पीड़ित ने इस मामले में कई बार मड़ियांव पुलिस से शिकायत की। पर, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई के बाद मड़ियांव पुलिस को बैंककर्मी सुनील मिश्रा समेत दो अन्य कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# असलहे के बल पर धमका कर करोड़ों की जमीन कराई रजिस्ट्री

## भू-माफिया समेत पांच के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के शालीमार कालोनी न्यू हैदरगंज निवासी कुर्बान अली ने ठाकुरगंज थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि भू-माफिया अपने गुर्गों के साथ मिलकर असलहा तानकर करोड़ों की जमीन व दुकान को मात्र दस लाख रुपये रजिस्ट्री करा ली। इस पर जबरदस्ती कब्जा भी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुर्बान अली ने बताया कि 2022 में गुलशन विहार निवासी इब्राहिम को छह माह के लिए दुकान किराए पर दी थी। 15 दिसंबर 2022 को शहंशाह खान ने फोन कर कहा कि तुम्हारी दुकान मैं ले चुका हूं। ठाकुरगंज थाने में शिकायत के बाद 1 अप्रैल 2023 को इब्राहिम दुकान पर गए वहां शहंशाह मौजूद था। पिस्टल सटा शहंशाह ने दुकान की रजिस्ट्री न करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 10 लाख रुपये स्टांप पर समझाकर कर अपनी फर्म एमए कंस्ट्रक्शन एंड इंटरप्राइजेज के नाम से ढाई-ढाई लाख रुपये के चार चेक दिए। उसी बीच बैंकों का विलय होने से चेक मान्य नहीं किए गए। इसी बीच फर्जी दस्तावेज तैयार कर शहंशाह ने दुकान व भूखंड को सआादतगंज लकड़मंडी निवासी मो. अनवर के नाम रजिस्ट्री करा दी। पूछताछ करने पर जान की धमकी दी। पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त से शिकायत की। ठाकुरगंज पुलिस ने शहंशाह खान, इब्राहिम, शानू अंसारी, मो. अनवर और सरिता मौर्या के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी और धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर मौसी-मौसा ने ठगे 32 लाख

बाजारखाला के मेहंदीगंज निवासी अकील मिर्जा ने बताया कि वर्ष 2020 में मौसी हलीमा खातून ने अपने घर के पीछे 20 हजार वर्गफीट जमीन 38 लाख रुपये में दिलाने की बात कही। अकील ने परिजन व दोस्तों के खातों से सितंबर 2020 से फरवरी 2021 के बीच 32 लाख रुपये दे दिए। 6 लाख बैनामा के बाद देने की बात हुई। लंबे समय तक बैनामा न होने पर जानकारी ली। इसमें पता चला कि मौसी व मौसा सैय्यद मोईन हसन ने फरवरी 2021 में पूरी 10 हजार वर्गफीट जमीन चार करोड़ में ले ली थी। रुपये मांगने पर हजार वर्गफीट जमीन देने की बात कही। कुछ दिन बाद मौसा ने असलहा तानकर धमकाया। डीसीपी पश्चिम से शिकायत करने पर कोतवाली में समझौता कर चेक दिया, लेकिन चेक बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी। आदेश पर बाजारखाला पुलिस ने हलीमा खातून और सैय्यद मोईन हसन के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ओएलएक्स पर कार बेचने के नाम पर 43 लाख ठगे

मड़ियांव के केशवनगर निवासी सुनील चौबे ने ओएलएक्स पर 4 .64 लाख रुपये में मारूति कार का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर दस्तावेज भी सोशल मीडिया पर भेजे गए। सौदा तय होने के बाद 40 हजार रुपये एडवांस ऑन लाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद कई बार में 3 .80 लाख रुपये और जमा किए। कार न मिलने पर पीड़ित ने शिकायत की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव थाने में गुर संस मोटर्स के गुर्विंदर सिंह उर्फ आंशू, शिखा पाटिल और आतिफ खान को नामजद आरोपी बनाने के साथ तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### एजेंट से लूट में करीबी पर टिकी शक की सूई

**अमृत विचारः** खदरा में शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल से 10 लाख की लूट मामले में करीबी पर मदेयगंज पुलिस की शक की सूई टिक गई है। माना जा रहा है कि करीबी की ही मुखबिरी से बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस साक्ष्य संकलित कर कड़ियां जोड़ने में जुट गयी है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से ही बदमाशों के बारे में जानकारी मिल गई है।

खदरा के दीन दयाल नगर निवासी शराब कारोबारी आरके जायसवाल का कर्मचारी हर्ष 25 मार्च की रात दुकानों से कैश कलेक्शन कर 10 लाख रुपये लेकर घर लौट रहा था। घर से कुछ ही दूर पहले उस पर चाकू और अन्य हथियारों से हमला कर 10 लाख रुपये से भरा बैग बदमाशों ने लूट लिया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास आठ किलोमीटर के दायरे में लगे कई कैमरे चेक किए। पुलिस की जांच में पता चला है कि एक करीबी काफी दिनों से हर्ष की रेकी कर रहा था। घटना वाले दिन उसने ही मुखबिरी कर बदमाशों को हर्ष की लोकेशन बताई थी। इसके बाद बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। कुछ फुटेज में पुलिस को बदमाशों के बारे में पता चला है। बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमें उन्नाव, हरदोई, कानपुर, सीतापुर समेत छह जनपदों में दबिश दे रही हैं।

**हादसा** | परिजन ने मकान मालिक व ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

# हाईटेंशन लाइन के करंट से मजदूर की मौत

संवाददाता, गोसाईंगंज

**अमृत विचारः** सुशांत गोल्फ सिटी के खुर्दही माढरमऊ स्थित एक निर्माणाधीन मकान की छत पर काम करते समय मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गया। साथी मजदूरों ने उसे आनन-फानन सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने ठेकेदार और मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक अंबरदीन।

गोसाईंगंज के सदरपुर करोरा निवासी अंबरदीन (53) मजदूर था। परिवार में पत्नी, एक बेटी लक्ष्मी, दो बेटे चंदा व विकास हैं। परिजन ने बताया कि सम्राट भट्ट के मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। मनीराम ने सम्राट के मकान का ठेका लिया है। ठेकेदार मनीराम अंबरदीन को काम के लिए बुलाया था। रविवार को अंबरदीन मकान की छत पर काम कर रहा था। इसी दौरान वह छत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। यह देखकर साथी मजदूरों ने शोर मचाया। ठेकेदार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अंबरदीन को गोसाईगंज सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। ठेकेदार ने मृतक के परिजन को सूचना दी। परिजन सीएचसी पहुंचे। परिवारवालों ने मकान मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

### संदिग्ध हालात में वेल्डिंग हेल्पर की मौत

लखनऊअमृत विचार : जानकीपुरम इलाके के सेक्टर-3 के एक घर में रेलिंग लगाने गए वेल्डिंग हेल्पर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मड़ियांव गांव जानकीपुरम निवासी मोहम्मद जब्बार, पत्नी, बेटे मोहम्मद आमान और बेटी नाहजा के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह बड़ा बेटा मोहम्मद कैफ (22) सद्दाम की दुकान पर काम करने गया था। वहां से कैफ साथी फरदीन के साथ सेक्टर-3 जानकीपुरम विस्तार निवासी बजरंग के घर की दूसरी मंजिल पर रेलिंग का काम करने गया था। दोस्त फरदीन ने बताया कि कैफ घर में रेलिंग पाइप चढ़ रहा था। तभी दूसरी मंजिल पर उसका पैर फिसल गया। घायल हालत में फरदीन ने बजरंग के साथ कैफ को जानकीपुरम ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घंटों चली पंचायत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सिटी डायरी


बैठक में उपस्थित वितरक।

### बैठक में उठीं वितरकों की समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन न्यूज़ पेपर कार्यालय में रविवार को समाचार पत्र वितरकों की समस्याओं के समाधान को लेकर मासिक बैठक हुई। इसमें अंसल गोल्फ अवध विहार, मोहनलालगंज, सिसेंडी और वृंदावन एल्डिको तेलीबाग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वितरकों ने भाग लिया। वितरकों ने बताया कि उनका कार्य भोर से शुरू हो जाता है और उन्हें जोखिम भरे रास्तों, कॉलोनियों, चौराहों तथा सड़कों पर आवारा कुत्तों के खतरे के बीच अखबार वितरण करना पड़ता है। इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वितरकों ने कहा कि पूर्व में कई बड़े नेताओं के आगमन के बावजूद उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला। पीढ़ियों से इस कार्य में जुड़े रहने के बाद भी उनकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। वृंदावन पत्र वितरक यूनियन ने शासन-प्रशासन से टीन शेड निर्माण, दुर्घटना बीमा और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है, ताकि पलायन रोका जा सके।


तिरंगा यात्रा निकालते शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित व अन्य।

### कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अमृत विचार,लखनऊ :** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में मनकामेश्वर मंदिर वार्ड में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने मनकामेश्वर मंदिर में माथा टेककर देश में अमन और शांति की प्रार्थना की। त्यागी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदेमातरम् और भारत माता की जयकारों के साथ एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में अशांति का माहौल है, तब कांग्रेस कार्यकर्ता देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा कार्यक्रम शहर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जाएगा। मोहम्मद नईम, राजेंद्र पांडे, किश्वर जहां, चंद्र प्रकाश पाल, विजय वाल्मीकि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक करते संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

### 11 को होगी निर्णायक बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक रविवार को हुई। इसमें तय हुआ कि 11 अप्रैल को लखनऊ में समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। तब तक कर्मचारियों और अभियंताओं के खिलाफ चल रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी। चेतावनी दी गई कि दंडात्मक कार्रवाई, निलंबन या उत्पीड़न करने पर बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता सामूहिक सत्याग्रह करेंगे। ये भी निर्णय लिया गया कि 11 अप्रैल से पहले प्रदेशभर में विभिन्न श्रम संघ व्यापक सभाएं आयोजित कर कर्मचारियों को एकजुट करेंगे।


शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** फैजुल्लागंज के प्रीति नगर स्थित बंटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 113 लोगों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन समेत सामान्य जांचें कराकर विशेषज्ञों से परामर्श लिया। 88 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कई मरीजों को उपकरण भी उपलब्ध कराए गए। कई लोगों को चश्मे भी वितरित किए गए।

सिटी ब्रीफ

### गोमती नदी से निकाला 20 क्विंटल कचरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को गोमती नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर लगभग 20 कुंतल कचरा तथा सैकड़ों देवी-देवताओं की मूर्तियां नदी से बाहर निकालीं। सेना के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुबह 5 :30 बजे हनुमान सेतु के निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर स्वयंसेवकों ने 2 घंटे अभियान चलाने के बाद आदि गंगा गोमती मां की आरती की।

### रेलवे की सुरक्षा सुदृढ़ बनाए है डॉग स्क्वॉड

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसरों की निगरानी को सुदृढ़ बनाने के लिए डॉग स्क्वॉड अहम भूमिका निभा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी के निर्देशन में यह विशेष टीम लगातार सक्रिय है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अंतर्गत लखनऊ मंडल में कुल 09 प्रशिक्षित डॉग्स तैनात हैं। इनमें 03 ट्रैकर डॉग्स, 05 स्निफर (विस्फोटक खोज) डॉग्स और 01 स्निफर नारकोटिक्स डॉग शामिल हैं। ये सभी डॉग्स विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रेलवे परिसरों, स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डॉग स्क्वॉड के साथ तैनात हैंडलर्स को ट्रेन में यात्रा के दौरान प्रथम श्रेणी पास और एसी प्रथम कूपे में यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है। इन प्रशिक्षित डॉग्स की सेवा अवधि लगभग 10 वर्ष निर्धारित है। डॉग स्क्वॉड की सतर्कता और दक्षता के चलते रेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो रही है। इससे यात्रियों को सुरक्षित और निर्भय यात्रा का भरोसा मिल रहा है, जो रेलवे प्रशासन की प्राथमिकता को दर्शाता है।

### स्कूल वाहन चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना क्षेत्र में रविवार रात स्कूल के वाहन चालक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि बहन-बहनोई से विवाद करने पर पिता ने उसे डांटा था। पाठकपुरम निवासी जागेश्वर तिवारी एंबुलेंस चालक है। परिवार में पत्नी नीलम और तीन बेटियां हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। बेटा ऋतिक (22) एक निजी स्कूल में वाहन चालक था। पिता ने बताया कि रविवार को ऋतिक की अपने बहन बहनोई से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसपर पिता ने उसे डांट दिया। जिसके बाद ऋतिक कमरे में चला गया। रात करीब नौ बजे जब पिता उसे खाना खाने के लिए बुलाने गये तो देखा कि ऋतिक कमरे में लगी खिड़की से लटक रहा था। पीजीआई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ऋतिक के शव को फंदे से नीचे उतरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आठ महिलाएं नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत

## विराज खंड स्थित में द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के तहत हुए कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से 'द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव' के अंतर्गत आयोजित महिला माह का रविवार को समापन किया गया। विराज खंड स्थित एक होटल में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने आठ महिलाओं को ''नव अंशिका सर्वश्री सम्मान'' से अलंकृत किया।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की सहायक अध्यापिका पूजा मिश्रा, आईआईएम रोड स्थित एसआर हास्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर रीशू सिंह, कथक एक्सपोनेंट डॉ. अर्चना तिवारी, चिनहट के रोशनाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका शबाना आजमी, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ की लिपिक राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रीता डे, कथारंग की संस्थापिका, प्रथम महिला पत्रकार नूतन वशिष्ट, 94 साल की वरिष्ठ नागरिक रामेश्वरी विष्ट व उन्नाव से सीनियर सब इंस्पेक्टर रीना पांडेय को सम्मानित किया गया। अध्यापिका, समाजसेविका एवं महिला माह रंगोली प्रतियोगिता की निरीक्षक ज्योति किरण रत्न को भी सम्मानित किया गया।

उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री की अगुवाई में महिलाओं को कानूनी अधिकार और सामाजिक सुरक्षा मिल रही है, आवश्यकता है कि महिलाएं भी समाज और राष्ट्र उत्थान की दिशा में समर्पित हों। नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने अपर्णा यादव को स्मृति चिह्न भेंट किया। जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ की अध्यक्ष मीना सिंह, चिनहट पार्षद अरुण कुमार राय, वरिष्ठ समाज सेविका एवं व्यापार मंडल संरक्षक शिखा सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।



विराज खंड स्थित होटल में राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के साथ सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

### गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** अपर मुख्य सचिव पशुधन मुकेश मेश्राम ने रविवार को अस्थाई गोआश्रय स्थल बंथरा का औचक निरीक्षण किया। गोवंशों के स्वास्थ्य और खानपान व्यवस्था में और सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा, सभी गोआश्रय स्थलों पर एक माह का भूसा, साइलेज, पशु आहार रिजर्व रखा जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थाई और अस्थाई गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। इस क्रम में अपर मुख्य सचिव अचानक अस्थाई गोआश्रय स्थल बंथरा पहुंचे। गोशाला का बारीकी से निरीक्षण करके व्यवस्था देखी। सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार से भूसा, चारा, साइलेज, पशुआहार आदि की जानकारी की। स्टॉक व अभिलेख जांचे। निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थल पर 6 रजिस्टर जरूर रखें। नियमित विजिट करके व्यवस्था देखें। गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उनका उपचार कराएं। लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडी डॉ. अजय कनौजिया, डिप्टी सीवीओ डॉ. अशोक सिंह, वीओ डॉ. धीरज द्विवेदी उपस्थित रहे।

# ईसाईयों ने श्रद्धा के साथ मनाया पाम संडे

## पादरी ने पाम संडे पर प्रकाश डाला, अर्पण शालोम, सुरभि व एलन ने मनमोहक गीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च में रविवार सुबह 9:30 बजे पाम संडे (खजूरों का इतवार) श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिस्टर वर्तिका के स्वागत और प्रार्थना से हुई। इसके बाद शोभित और वर्शिप टीम ने देख तेरा राजा आता है गीत प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया। युवाओं ने विशेष आराधना प्रस्तुत की, जबकि अर्पण शालोम, सुरभि और एलन ने मनमोहक गीत गाए।

स्नेहा, अंजलि गुप्ता और पादरी उपेंद्र ने बाइबिल के माध्यम से पाम संडे के महत्व पर प्रकाश डाला। सीनियर पादरी डॉ. मॉरिस कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु एक दयालु राजा के रूप में प्रत्येक जीवन में प्रवेश करते हैं। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु हरे वस्त्रों में नजर आए और चर्च को खजूर के पत्तों से सजाया गया। बच्चों ने प्रभु यीशु के विजयी प्रवेश पर आधारित सुंदर स्किट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।


गीत प्रस्तुत करते शोभित और वर्शिप की टीम। अमृत विचार

### ईस्टर की तैयारियों में जुटा ईसाई समुदाय

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईसाई समुदाय अपने सबसे महत्वपूर्ण पर्व ईस्टर की तैयारियों में जुट गया है। यह पर्व प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की स्मृति में 5 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके साथ ही पवित्र सप्ताह की शुरुआत 29 मार्च को पाम संडे से हो चुकी है, जब श्रद्धालुओं ने ताड़ की शाखाओं के साथ जुलूस निकाला। ईस्टर से पहले 'ईस्टर त्रिदूऊम' की शुरुआत 2 अप्रैल को मौंडी थर्सडे से होगी। इस दिन शाम को विशेष मिस्सा आयोजित होगा, जिसमें बिशप जेराल्ड जॉन मैथायस 12 लोगों के पैर धोकर सेवा और विनम्रता का संदेश देंगे। 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवसर पर 'क्रूस का मार्ग' और 'दुखभोग' जैसे कार्यक्रम शाम 4 बजे आयोजित किए जाएंगे। 4 अप्रैल को पवित्र शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जो मौन और प्रार्थना का दिन होता है। रात 10 :30 बजे सेंट जोसेफ कैथेड्रल सहित सभी गिरजाघरों में ईस्टर विगिल प्रार्थना सभा होगी। 5 अप्रैल की सुबह चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी। बिशप मैथायस ने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए ईस्टर को आशा, आनंद, प्रेम और शांति का संदेश देने वाला पर्व बताया।


पाम संडे पर प्रार्थना करते पादरी।

### धूमधाम से मनेगा महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊः** शहर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। 'जैन से जन-जन तक' के संकल्प के साथ आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष समावेश रहेगा। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के मुख्य प्रबंधक वीर कुमार जैन टिकैट नगर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 31 मार्च को सुबह 9 बजे चारबाग जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां और बैंड-बाजे मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# श्रीराम का जन्म धर्म की स्थापना के लिए हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रामकृष्ण मठ लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद ने रामकृष्णवचनामृत पर रविवार के प्रवचन के दौरान कहा कि श्रीराम और सीता का जीवन भारतीय संस्कृति और धर्म का आधार माना जाता है। श्रीराम की जन्म कथा अत्यंत पवित्र और प्रेरणादायक है। अयोध्या के राजा दशरथ के कोई संतान नहीं थी, तब उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ कराया। उस यज्ञ के फलस्वरूप श्रीराम का जन्म हुआ, जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। उनका जन्म धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए हुआ था।

स्वामी जी ने कहा कि श्रीराम के जन्म का मुख्य उद्देश्य राक्षसों के अत्याचार से पृथ्वी को मुक्त करना और धर्म की पुनः स्थापना करना था। विशेष रूप से रावण जैसे अहंकारी और शक्तिशाली राक्षस का विनाश करना उनके अवतार का प्रमुख कारण था। श्रीराम ने अपने जीवन में आदर्श पुत्र, आदर्श भाई और आदर्श राजा का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वामी ने बताया कि सीता जी की जन्म कथा भी उतनी ही अद्भुत है। सीता का जन्म मिथिला के राजा जनक को खेत में हल चलाते समय धरती से प्राप्त हुआ। इसलिए उन्हें "भूमि पुत्री" कहा जाता है। सीता त्याग, पवित्रता और नारी शक्ति की प्रतीक मानी जाती हैं। श्रीराम के जन्म से हमें अनेक शिक्षाएं मिलती हैं।



गोमती नगर बौद्ध शोध संस्थान में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित की गईं महिलाओं साथ अलीगढ़ की मंडलायुक्त संगीता सिंह, आइएएस पीसी श्रीवास्तव और डा. सीमा गुप्ता, उमेश वर्मा, सरला शर्मा और अन्य। अमृत विचार

### 10,893 शौचालय का मिला लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले को 10,983 व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य मिला है। पंचायती राज विभाग वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाभार्थियों का चयन करके वितरित करेगा। सर्वे अंतिम चरण पर है। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र गोंड ने बताया कि निदेशालय ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 10,893 व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें बीकेटी में सबसे अधिक 2102 शौचालय, चिनहट में 402, गोसाईगंज 1704, काकोरी 1051, माल 1498, मलिहाबाद 1431, मोहनलालगंज 1744, सरोजनी नगर ब्लॉक को 1051 शौचालय का लक्ष्य मिला है।

सिटी डायरी

### तेलीबाग बाजार में चला गया हस्ताक्षर अभियान


तेलीबाग बाजार में हस्ताक्षर करते व्यापारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से तेलीबाग बाजार के व्यापारियों को नोटिस देने विरोध में रविवार से अध्यक्ष राजन मिश्रा एवं महामंत्री राजू वाजपेयी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तेलीबाग बाजार के पदाधिकारियों के मुताबिक तेलीबाग इकाई 2 अप्रैल तक हस्ताक्षर अभियान चला कर व्यापारियों की मांग का ज्ञापन तैयार किया जाएगा। अभियान में कोषाध्यक्ष राजेश चावला, आलोक गोयल, आंचल साहू, अशोक गुप्ता, संदीप यादव, गोकरन नाथ यादव, सुनील कुमार, हिमांशु शुक्ला, संत कुमार यादव, अंकुर मिश्रा, लक्ष्मी नारायण यादव, सुभाष अग्रवाल, शेर अली, बजरंग लोधी, रिंकू सिंह, राजेश मिश्रा, विनय सूदन, सचिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।


समारोह में में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ताव अन्य।

### लखनऊ गौरव सम्मान दिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की गणेशगंज नाका बाजार इकाई ने शनिवार को एक होटल में होली मिलन एवं ईद मिलन समारोह कराया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। समारोह में गणेशगंज नाका बाजार इकाई के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी, महामंत्री यश सिंह, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, संरक्षक प्रदीप गुलाटी, संरक्षक साहिल सिद्दीकी, गीता प्रजापति, आमिर कुरैशी, पप्पू प्यारे, सचिन अग्रवाल, अज्जू खान, अनूप गुप्ता, अंबे साहू, विधि सलाहकार राजेंद्र सोनकर, पंकज को "लखनऊ गौरव सम्मान" दिया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, चंद्रशेखर मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार।

### धूप के बंद दरवाजे का विमोचन हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैफ़ी आज़मी अकादमी में संचालक सलमान खयाल के संचालन में शालिनी सिंह के कविता संग्रह ''धूप के बंद दरवाजे'' का विमोचन किया गया। शालिनी सिंह ने कहा कि साहित्य कमजोरों की कर्मभूमि है और साहित्यकार उनकी आवाज़ होते हैं। विभु प्रकाश सिंह ने कहा कि कविताएं इस दौर में प्रार्थना जैसी हैं। समाज और समय दोनों का प्रतिबिंब इन कविताओं में है। समीना खान, । विशाल श्रीवास्तव ने भी विचार रखे। दूसरे सत्र में शालू शुक्ला के संचालन में अनिल मिश्र, विशाल श्रीवास्तव, सीमा सिंह, अनुजा शुक्ला और अवंतिका सिंह ने कविता पाठ किया।



केसरिया हिंदू वाहिनी परिवार की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को संबोधित करतीं रजनी शर्मा।

### बैठक हुई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में रविवार को केसरिया हिन्दू वाहिनी परिवार की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश अध्यक्षो की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संगठन के कार्यों और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। रजनी शर्मा और पवन रस्तोगी समेत अन्य पराधिकारियों ने हिंदुओं की एकजुटता पर बल दिया। कहा कि कुछ लोग दुष्प्रचार कर हिंदुओं में फूट डालने का कुप्रयास करने में लगे हैं।

आयोजन — ऐशबाग रामलीला मैदान पर चल रहे चैती महोत्सव में हुआ पांडव अज्ञातवास लीला का मंचन

# विराट स्वरूप दिखा श्रीकृष्ण ने तोड़ा दुर्योधन का अहंकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चैती महोत्सव के तहत ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रही कृष्णलीला में रविवार को हस्तिनापुर के दरबार में श्रीकृष्ण के विराट रूप की लीला का मंचन किया गया।

आरती शुक्ला डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य के साथ किया गया। दूसरी प्रस्तुति सृजन डांस परफार्मिंग आर्टस द्वारा भजन 'राधे राधे बोलोगे तो आएंगे बिहारी, राधाकृष्ण महारास, रंग बरसे रे, आज राधा को श्याम याद आ गया'' को कलाकारों द्वारा नृत्य के भाव से सजाया गया। इसके बाद लीला की शुरुआत पांडवों के अज्ञातवास से हुई। जहां मत्स्य देश के सेनापति द्रौपदी से दुर्व्यवहार करते हैं जिसका बदला भीम कीचक का वध कर लेते हैं। अज्ञातवास के उपरांत जब पांडव अपने राज्य का अधिकार मांगते हैं तो दुर्योधन उन्हें उनके अधिकारों को नहीं लौटाता है। इसके बाद महाभारत युद्ध की घोषणा हो जाती है। युद्ध से पूर्व दुर्योधन द्वारा अनुरोध किए जाने पर श्रीकृष्ण अपनी चतुरंगिणी सेना दुर्योधन को दे देते हैं। सोमवार को चैती महोत्सव का समापन होगा।

महाभारत युद्ध से पूर्व श्रीकृष्ण शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर जाते हैं, यहां पांडवों के हक की बात करने पर दुर्योधन द्वारा श्रीकृष्ण को बंदी बनाने का अहंकारपूर्ण प्रयास किया जाता है। इस घटना के बाद श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर की सभा में अपने दिव्य विश्वरूप को दिखाते हैं, इसे देख दुर्योधन और उपस्थित दरबारी भयभीत हो उठते हैं।

कमेटी के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया की सोमवार को चैती महोत्सव 2026 के समापन दिवस पर कृष्णलीला में बर्बरीक कथा, अर्जुन को गीता का उपदेश व श्रीकृष्ण के अनेक स्वरूपों के साथ फूलों की होली की लीलाओं के उपरांत प्रसाद वितरण कर इस 12 दिवसीय कार्यक्रम का समापन उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### उत्तराखंड के कलाकारों ने दी दिल छूने वाले प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तराखण्ड महापरिषद के मोहन सिंह बिष्ट सभागार में रविवार को संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तराखण्ड के कलाकारों ने दिल को छूने वाली ''दो अकेली'' - एक मार्मिक सामाजिक नाटक की प्रस्तुति दी। दुख, इंसानियत, भावनाओं और रिश्तों की सच्चाई को दर्शाते इस नाटक के कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय की दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कान्ता शर्मा द्वारा लिखित नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन डा. पूर्णिमा पाण्डेय एवं सह निर्देशन रोजी मिश्रा ने किया। यह नाटक दो बहनों की कहानी है, जो जीवनभर संघर्ष, दर्द और रिश्तों की उपेक्षा के बीच जीती हैं। एक ओर पति के अत्याचार सहती बड़ी बहन, तो दूसरी ओर कम उम्र में विधवा हो चुकी छोटी बहन - दोनों एक-दूसरे का सहारा बनती हैं। हालात उन्हें फिर से अकेला कर देते हैं। रोजमर्रा की छोटी-छोटी नोकझोंक, प्यार, तकरार और संघर्ष के बीच उनकी जिंदगी हमें यह सिखाती है कि अकेलापन सिर्फ शरीर का नहीं, भावनाओं का भी होता है। यह प्रस्तुति समाज के उस सच को उजागर करती है, जहां अपने ही कभी-कभी सबसे ज्यादा दूर हो जाते हैं। अकेलापन केवल शारीरिक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी होता है। रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाओं को समझना ही सच्चा समाज निर्माण है।

## सिटी ब्रीफ

### जूनियर एथलेटिक्स टीम का ट्रायल 2 को

अमृत विचार, लखनऊ : 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ टीम के गठन हेतु चयन ट्रायल दो अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होंगे। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि चयन प्रक्रिया अंडर-20 पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जाएगी। ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे, जिनका जन्म 26 अप्रैल 2006 से 27 अप्रैल 2008 के बीच हुआ हो। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 8 और 9 अप्रैल को प्रयागराज में आयोजित की जाएगी।

### दक्षिण एशियाई विवि में बीबीएयू को 254वीं रैंक

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने क्यूएस एशियन यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 801–850 बैंड में स्थान प्राप्त किया है। दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालयों में 254वीं रैंक प्राप्त हुई है। यह रैंकिंग संस्थानों का मूल्यांकन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता, शोध और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता जैसे विभिन्न मानकों पर किया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टि साझा करते हुए कहा कि यह रैंकिंग हमारी प्रगति का प्रतिबिंब होने के साथ–साथ भविष्य के लिए प्रेरणा भी है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा ने कहा कि इस यात्रा में आईक्यूएसी गुणवत्ता मानकों और व्यवस्थित सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### गर्मियों में सुबह 8 से 1 संचालित हों स्कूल

अमृत विचार, लखनऊ : प्राथमिक शिक्षकों ने गर्मियों में स्कूल का समय सुबह 8 बजे से दिन में एक बजे तक करने की मांग की है। शिक्षकों का तर्क है कि मौलिक अधिकार में स्पष्ट नियम है कि गर्मियों में स्कूलों की शिक्षण अवधि 5 घंटे की होगी। सभी प्राथमिक विद्यालयों में वर्ष 2015 तक ग्रीष्मकालीन संचालन समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुआ करता था। इसके बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा जारी की गयी अवकाश तालिका में परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन संचालन समय 8 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 की जारी बेसिक शिक्षा परिषद की अवकाश तालिका में कोरोना महामारी के चलते बंद रहे विद्यालयों में प्रभावित हुए शिक्षण कार्य को पूरा करने के लिए ग्रीष्मकालीन विद्यालयों का संचालन समय 1 घंटे अतिरिक्त बढ़ाकर अपरान्ह 2 बजे तक कर दिया गया।

### मंडल में मूल्यांकन कार्य 91.79 प्रतिशत पूर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य अब लगभग समापन की ओर बढ़ रहा है। मण्डल में 91.79 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। लखनऊ मंडल के शतप्रतिशत मूल्यांकन पूर्ण करने वाले पांचों मूल्यांकन केंद्रों में से हरदोई के श्रीवेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार लखीमपुर खीरी के दो मूल्यांकन केन्द्रों जीजीआईसी लखीमपुर व गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर, रायबरेली के एक मूल्यांकन केन्द्र महात्मा गांधी इंटर कॉलेज रायबरेली, सीतापुर के म्यूनिसिपल इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य शतप्रतिशत पूरा कर लिया गया है। रविवार को मूल्यांकन कार्य सम्पन्न होने के बाद मण्डल ने आज तक अपने कुल प्राप्त 23,03,095 उत्तर पुस्तिकाओं में से 21,14,101 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया है, जो सम्पूर्ण मूल्यांकन का 91.79 प्रतिशत है। मण्डल के 6 जिलों में कुल 1,88,994 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया है।

### नई आबकारी नीति से कारोबारियों को राहत

अमृत विचार, लखनऊ : नई आबकारी नीति लागू होने से शराब कारोबारियों को राहत मिली है। जिन अंग्रेजी शराब और बियर दुकानों का नवीनीकरण हुआ है, उन्हें 31 मार्च तक पुराना स्टॉक खत्म करने की बाध्यता से छूट दी गई है। वे एक अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में बचे हुए कोटे की बिक्री जारी रख सकेंगे। वहीं देशी शराब दुकानदारों को सीमित राहत देते हुए पांच दिन का समय दिया गया है, जिससे वे 5 अप्रैल तक पुराना स्टॉक बेच सकेंगे। हालांकि जिन दुकानों का नया ठेका हुआ है, उन पर यह छूट लागू नहीं होगी और उन्हें नए नियमों का पालन करना होगा।

# स्टेडियम में नहीं ले जा सकेंगे धार्मिक, राजनीतिक झंडे-बैनर

## आईपीएल मैच से तीन घंटे पहले दर्शकों के लिए खोले जाएंगे इकाना के द्वार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिकॉर्डिंग, लाइव प्रसारण, डेटा ट्रांसमिशन और व्यावसायिक गतिविधियां भी रहेंगी प्रतिबंधित

**अमृत विचार:** आईपीएल के मैचों के दौरान दर्शन इकाना स्टेडियम में सिक्के, लैपटॉप, टैबलेट और पॉवर बैंक नहीं ले जा सकेंगे। स्टेडियम में प्रवेश से संबंधित गाइडलाइन रविवार को आयोजक समिति और बीसीसीआई ने जारी कर दी। बोतल, हेडफोन या ईयरबड, कप, ग्लास, लाइटर, टिन या कैन, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट, पोर्टेबल स्पीकर, ज्वलनशील या खतरनाक पदार्थ, आतिशबाजी सामग्री, हथियार, हेलमेट, बैग, व्यावसायिक, राजनीतिक, धार्मिक या आपत्तिजनक संदेश वाले बैनर, झंडे, पोस्टर खाद्य पदार्थ और शराब भी नहीं ले जा सकेंगे।

स्टेडियम में किसी तरह की रिकॉर्डिंग, लाइव प्रसारण, डेटा ट्रांसमिशन या व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। बिना अनुमति के मैच से संबंधित जानकारी, वीडियो, ऑडियो या सांख्यिकीय डेटा साझा करना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। किसी प्रकार की अभद्र, आपत्तिजनक, नस्लीय, भेदभावपूर्ण या धमकीपूर्ण भाषा और व्यवहार करने वाले पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।बीसीसीआई या आयोजक मैच के दौरान किसी अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, विशेष या परिणामी नुकसान के लिए किसी भी स्थिति में जिम्मेदार नहीं होंगे। स्टेडियम में कहीं भी छोड़ी गई किसी भी व्यक्तिगत वस्तु की पूरी जिम्मेदारी उसके मालिक की होगी। स्टेडियम में प्रवेश के दौरान प्रत्येक दर्शक को टिकट प्रस्तुत दिखाना होगा। टिकट स्कैनिंग मशीन नहीं बढ़ पाएगी, या बारकोड में छेड़छाड़ किया गया होगा वह उस टिकट से दर्शक को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दर्शकों को टिकट स्टेडियम में अपने पास सुरक्षित रखना होगा और आयोजक या सुरक्षाकर्मियों के मांगे जाने पर दिखाना अनिवार्य होगा। प्रवेश द्वार मैच शुरू होने से लगभग तीन घंटे पहले खोला जाएगा। मैच के समय, तिथि या स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि मैच रद्द हो जाता है या एक भी गेंद नहीं डाली जाती है, तो टिकट राशि (प्रशासनिक शुल्क काटकर) वापस की जाएगी। दो वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क है। 18 वर्ष से कम आयु के सभी व्यक्तियों को एक वयस्क के साथ आना आवश्यक होगा और पूरे समय उसकी निगरानी में रहना होगा। उस वयस्क के पास भी वैध टिकट होना चाहिए।

### होटल पहुंची दिल्ली की टीम का हुआ स्वागत

- अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार दोपहर लखनऊ पहुंची। एयरपोर्ट से निकलकर टीम दोपहर 3 :30 बजे शहीद पथ स्थित सेंट्रम होटल में पहुंची, जहां खिलाड़ियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। टीम सोमवार को इकाना स्टेडियम में शाम 6 बजे से 9 बजे तक अभ्यास करेगी। दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख खिलाड़ी इस अभ्यास में शामिल होंगे, जिनमें एलएसजी के पूर्व कप्तान केएल राहुल, चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव, ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर और वेस्टइंडीज के गेंदबाज एनगिडी शामिल हैं। इसके अलावा, लखनऊ के स्थानीय लेग स्पिनर विप्रज निगम भी दिल्ली के लिए खेलते नजर आएंगे।



अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में वार्मअप करते एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार

### एलएसजी के खिलाड़ियों ने किया इकाना स्टेडियम में अभ्यास

- लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ी रविवार को ही इकाना स्टेडियम में अभ्यास करते हुए देखे गए। एक अप्रैल को होने वाले मुकाबले के लिए टीम ने पसीना बहाया। दोपहर में अभ्यास सत्र में मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ी शामिल रहे, जबकि ओवरसीज खिलाड़ी आराम करते रहे। टीम के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने नेट्स पर सभी खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करते देखा और कई बल्लेबाजों से उनकी तकनीक पर चर्चा की। अभ्यास में कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, मयंक यादव, अर्जुन तेंदुलकर, आवेश खान, आयुष बदोनी और लखनऊ के पेसर नमन तिवारी शामिल थे।

# आलोक, विजय, गोविंद, राजीव अगले दौर में

## लखनऊ में आईटीएफ मास्टर्स 100 टेनिस टूर्नामेंट विजयंतखंड मिनी स्टेडियम में शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आलोक, विजय, गोविंद, राजीव सहित कई खिलाड़ियों ने अपने-अपने मैच जीतकर इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) मास्टर्स-100 टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को गोमती नगर स्थित विजयंतखंड मिनी स्टेडियम में हुआ। विजय सिन्हा ने राजेश सिंह को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। आलोक भटनागर ने जय मिश्रा को 6-2, 6-3 से आसानी से पराजित कर दिया। गोविंद प्रसाद मौर्य ने सुधांशु अग्रवाल को 6-1, 6-1 और विश्वास वर्मा ने राजेश सहाय को 6-0, 6-0 से करारी शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में अजीत कुमार दुबे ने पियूष कुमार कुसुमवाल को 6-1, 6-0 से हराया। राजीव दीक्षित ने अनिंद्य सेनगुप्ता को 6-1, 6-2 से मात दी, जबकि निर्भय सिंह सोन ने सोनू किशोर को 6-0, 6-0 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई। कुछ खिलाड़ियों को बिना खेले ही जीत मिली। सिलास मिन्ज को अनुज सक्सेना के खिलाफ और पुष्पेंद्र शर्मा को वैभव तिवारी के खिलाफ वॉकओवर मिला।

मनोज कुमार ने सुधीर कुमार को 6-0, 3-0, सूरज कश्यप ने हराया जसदीप सिंह को 6-3, 7-5, भरत दुबे ने हराया नरेंद्र तडीगोपूला को 6-0, 6-0, रचित रस्तोगी ने हराया आशीष कुमार सिंह को 6-4, 6-2, अवनीत नारायण ने हराया स्नेहा बेहरा को 6-3, 6-0, हितेश कुमार ने हराया सैफ इकबाल को 6-4, 6-3, हसमत अली ने हराया श्रीकांत कुमार को 6-4, 6-2, स्वर्णदीप सिंह ने हराया अभिषेक सिंह वर्मा को 6-0, 6-0 से पराजित किया।



मैच के दौरान एक्शन में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी के चिन्मय।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- टूर्नामेंट के दौरान आयोजकों ने खेल के साथ–साथ सामाजिक संदेश भी दिया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त समाज और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पहले दिन के मुकाबलों के साथ ही टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा का स्तर ऊंचा नजर आया और आने वाले मुकाबलों में और भी रोमांचक खेल देखने की उम्मीद है।

### चिन्मय, वंश और ऋषि मुख्य ड्रा में

- यूपी के खिलाड़ियों ने प्रथम स्व. डॉ. केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग राउंड में अपना दबदबा कायम किया। रविवार को खेले गए क्वालीफाइंग मुकाबलों के अंतिम दौर में यूपी के चिन्मय देव चौहान, ऋषि यादव, वंश यादव और जॉय दास ने जीत दर्ज कर मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भी दम दिखाया। हरियाणा के सुनील कुमार और हर्ष मलिक, महाराष्ट्र के पांशुल ओबोवेजा तथा राजस्थान के अमित ने भी अपने–अपने मुकाबले जीतकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन और एसडीएस टेनिस अकादमी के देखरेख में आयोजित यह प्रतियोगिता लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में खेली जा रही है। प्र तियोगिता के पहले दिन ही मेजबान यूपी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। एसडीएस टेनिस अकादमी के संस्थापक सदस्य पवन सागर ने बताया कि मुख्य ड्रा के मुकाबले 30 मार्च से शुरू होंगे। टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रकाश डी (आईपीएस, डीजीपी रेलवे) की ओर से किया जाएगा।

### फायरबॉल्स मास्टर्स ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊः** चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में फायरबॉल्स मास्टर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीवीसीएल को 9 रन से हराकर जीत दर्ज की। चौक स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में टीम की जीत के हीरो जसविंदर सिंह, विनोद सिंह और सर्वेंद्र सिंह रहे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फायरबॉल्स मास्टर्स ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 168 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज जसविंदर सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों में 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए और टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वहीं, विनोद सिंह ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 20 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 49 रन जोड़कर टीम का स्कोर और मजबूत किया।

# कैप्टन कप गोल्फ में आनंद शुक्ला ओवरऑल विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नियरेस्ट टू पिन में का खिताब मिलिंद शाद्रा और लांगेस्ट ड्राइव में भारत थापर ने जीता

**अमृत विचारः** लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित तीन दिवसीय कैप्टन कप गोल्फ टूर्नामेंट में आनंद कृष्ण शुक्ला ओवरऑल विजेता बने। स्ट्रेटेस्ट ड्राइव का खिताब भी जीता। नियरेस्ट टू पिन में मिलिंद शाद्रा और लांगेस्ट ड्राइव में भारत थापर विजेता रहे।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सब-जूनियर वर्ग में रिधर्व नारायण ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि एलाक्षी धवन राठौड़ उपविजेता रहीं। जूनियर वर्ग में ओजस्वा सिंह विजेता और प्रणय भंडारी उपविजेता बने। महिला वर्ग में डॉ. सृष्टि धवन राठौड़ ने जीत दर्ज की, जबकि दीपा वत्स उपविजेता रहीं। हैंडीकैप श्रेणियों में 0–9 वर्ग में भारत थापर विजेता और ऋषि खन्ना उपविजेता रहे। 10–14 वर्ग में नवीन अरोड़ा (आईपीएस) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मोहित यादव दूसरे स्थान पर रहे। 15–18 वर्ग में उत्सव मिश्रा विजेता और अमिय केत सिंह उपविजेता बने। सीनियर वेटरंस वर्ग में राकेश सेठ विजेता और टीपी पाठक उपविजेता रहे। वेटरंस वर्ग में सतीश कुमार तिवारी ने जीत दर्ज की और कैप्टन आईके बत्रा उपविजेता रहे। समापन समारोह में अतिरिक्त मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (आईपीएस सेवानिवृत्त), कैप्टन आरएस नंदा, सचिव रजनीश सेठी, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष सुधाकर रस्तोगी सहित प्रबंध समिति मौजूद रहे।

### समय, समाज और साहित्य पर विमर्श आज

**अमृत विचार, लखनऊ : डॉ.** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समकालीन समय, समाज और साहित्य पर विचार मंथन किया जाएगा। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा, विद्या विन्दु सिंह, डॉ. अमित कुमार राय, प्रो. कालीचरण स्नेही, प्रो. रामपाल गंगवार, प्रो. वीके सिंह प्रमुख रुप से अपना व्याख्यान देंगे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में निकालेंगे मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ कई शिक्षक संगठन आ गए हैं। शिक्षक संगठनों ने अब टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से पैरवी की घोषणा की है। 13 अप्रैल को शिक्षक प्रदेशभर में मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इसके अलावा संयुक्त शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी सुप्रीम कोर्ट में भी मजबूती से लड़ाई के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे ने बताया कि 23 शिक्षक संगठनों से बना महासंघ ब्लॉक से लेकर जिले तक, प्रदेश से लेकर देश तक आंदोलन चला रहा है।

कानूनी लड़ाई के संबंध में दिल्ली में अधिवक्ताओं के साथ अति आवश्यक बैठक की गई और आगामी सुनवाई पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा हम जमीनी लड़ाई के साथ-साथ कानूनी रूप से पैरवी को तैयार हैं और उत्तर प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षकों सहित देशभर के 18 लाख शिक्षकों की सेवा को प्रभावित नहीं होने देंगे। लीगल टीम के राष्ट्रीय प्रभारी विवेकानंद आर्य ने बताया कि देश के लाखों शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए महासंघ सतत प्रयासरत है।

बैठक में एससी एसटी अध्यक्ष दिनेश विद्रोही, राष्ट्रीय सचिव अनुज त्यागी, प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुरदास यादव, श्याम किशोर बाजपेई, वीरपाल जाटव, नरेश कौशिक, सुधेश पांडेय उपस्थित रहे।

चिंता | शोध में पश्चिमी हिमालय में ग्लेशियरों का तीव्र क्षरण सामने आने पर विशेषज्ञों ने चेताया

# मैदानों में तबाही मचा सकते हैं पिघलते ग्लेशियर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हिमालयी इलाकों में खासकर जलवायु परिवर्तन के कारण पिघल रहे ग्लेशियर मैदानी इलाकों के लिए तबाही का कारण बन सकते हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ते जाने से बाढ़ का खतरा के साथ ही बसावट से लेकर कृषि और अन्य संसाधन प्रभावित होंगे। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में हिमालयी ग्लेशियरों के तेज़ी से पिघलने और क्षेत्र में ग्लेशियल झीलों से उत्पन्न बाढ़ के बढ़ते खतरे को उजागर किया गया है।

इस शोध का नेतृत्व लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार व पूर्व वैज्ञानिक डीवाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी ने किया है। उनके साथ डॉ. मनीष मेहता और डॉ. अजय सिंह राणा भी अध्ययन में शामिल रहे हैं। यह शोध अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित जर्नल प्रोग्रेस इन फीजिकल जीयोग्राफी अर्थ एंड एंवायरमेंट में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में ज़ांस्कर के पदम घाटी स्थित पदम ग्लेशियर का अध्ययन किया गया और इसकी तुलना निकटवर्ती नाला ग्लेशियर से की गई है। वैज्ञानिकों ने पाया कि झील से जुड़े पदम ग्लेशियर का क्षरण, भूमि-आधारित नाला ग्लेशियर की तुलना में कहीं अधिक तेज़ी से हो रहा है।



### पदम झील का आकार 69 प्रतिशत बढ़ा

- शोध में यह सामने आया है कि 1993 से 2022 के बीच पदम ग्लेशियर उल्लेखनीय रुप से पीछे हटते हुए दर्ज किया गया है। इसके क्षेत्रफल में बड़ी कमी आई, जबकि नातियो (ढलान) नाला ग्लेशियर में अपेक्षाकृत धीमे परिवर्तन देखे गए। निष्कर्ष यह है कि पदम ग्लेशियर के अग्रभाग पर स्थित ग्लेशियल झील (पदम झील) का आकार लगभग 69 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

## सिटी डायरी




मेडल के साथ शिवांशी जोशी।

### बधिर टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

अमृत विचार, लखनऊ : ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डीफ और पंजाब डीफ एंड डंब स्पोर्ट्स एसोसिएशन के देखरेख में 10वीं नेशनल बधिर जूनियर और सब जूनियर के साथ 27वीं नेशनल बधिर सीनियर टेबल टेनिस चैंपियनशिप 24 से 26 मार्च तक चंडीगढ़ में हुई। इसमें डीफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उप्र की ओर से प्रदेश की शिवांशी जोशी, अर्चना पाण्डेय, सचिन गुप्ता और आर्यन गुप्ता ने प्रतिभाग किया। महिला डबल्स में अर्चना पांडेय और शिवांशी जोशी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। एसोसिएशन के महासचिव सौरभ श्रीवास्तव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह जीत विशेष रूप से लखनऊ के लिए गर्व का विषय है।



कार्यशाला में जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

### आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता बताई

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (आईएससीसीएम) के सहयोग से मैकेनिकल वेंटिलेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार दास ने बताया कार्यक्रम की खास बात यह रही कि प्रतिभागियों को हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का अवसर मिला। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से सवाल पूछकर सत्र उपयोगी बनाया। विशेषज्ञों ने नवीनतम तकनीकों पर प्रकाश डाला।



विचार रखतीं डॉ. अलका सिंह।

### डॉ. अलका ने दिया व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने लिट्रेचर फेस्टिवल में कहा कि साहित्य में समाज को जोड़ने और संस्थाओं को बदलने की क्षमता है। उद्घाटन सत्र में अपने विशेष व्याख्यान में डॉ. सिंह ने महिला केंद्रित मुद्दों, स्वास्थ्य संबंधी विमर्शों और विधिक चेतना और समकालीन संशोधनों पर स्पष्ट, निर्भीक और विचारोत्तेजक संवाद प्रस्तुत किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में सामाजिक, न्यायिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए सशक्त काव्य–पाठ के माध्यम से श्रोताओं को प्रभावित किया। डॉ. सिंह ने मिल्टन एवं ओडिन की रचनाओं का विश्लेषण किया।




डिवाईन कांफ्रेंस में प्रतिभागी छात्राएं।

### छात्र पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के छात्रों को प्रशिस्त पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि हर्ष सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि हर्ष सिंह रहे। संस्थापिका–निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने अतिथियों का स्वागत किया।